RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 59 • 12:03:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-

## धार भोजशाला का ज्ञानवापी की तरह होगा सर्वे

**5 एक्सपर्ट 6 सप्ताह में सर्वेक्षण कर सौंपेंगे रिपोर्ट**



**इंदौर/धार (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने ज्ञानवापी की तर्ज पर धार भोजशाला का सर्वे कराने के आदेश दिए हैं। सोमवार को इस मुद्दे पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) को 5 एक्सपर्ट की टीम बनाने को कहा है। इस टीम को 6 सप्ताह में रिपोर्ट सौंपनी होगी।

हाईकोर्ट ने इस वैज्ञानिक सर्वे को जीपीआर-जीपीएस तरीके से करने के लिए कहा है। जीपीआर यानी ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार जमीन के अंदर विभिन्न स्तरों की हकीकत जांचने की तकनीक है। इसमें रडार का उपयोग होता है। यह अदृश्य यानी छुपी वस्तुओं के विभिन्न स्तर, रेखाओं और संरचनाओं का माप लेता है। इसी तरह जीपीएस सर्वे यानी ग्लोबल पॉजिशनिंग सिस्टम के तहत भी सर्वे किया जाएगा। पूरे सर्वे की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई जाएगी।

**याचिका के बिंदु, जिनके आधार पर मांग स्वीकार की गई-** हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने 1 मई 2022 को इंदौर हाईकोर्ट में यह याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया था कि हर मंगलवार को हिंदू भोजशाला में यज्ञ कर उसे पवित्र करते हैं और शुक्रवार को मुसलमान नमाज के नाम पर यज्ञ कुंड को अपवित्र कर देते हैं। इसे रोका जाए। भोजशाला का पूर्ण आधिपत्य हिंदुओं को सौंपा जाए।

### यह है भोजशाला का इतिहास

हिंदू पक्ष का कहना है कि यह सरस्वती देवी का मंदिर है। सदियों पहले मुसलमानों ने इसकी पवित्रता भंग करते हुए यहां मौलाना कमालुद्दीन की मजार बनाई थी। भोजशाला में आज भी देवी-देवताओं के चित्र और संस्कृत में श्लोक लिखे हुए हैं। अंग्रेज भोजशाला में लगी वाग्देवी की प्रतिमा को लंदन ले गए थे। याचिका में कहा गया है कि भोजशाला हिंदुओं का उपासना स्थल है।

### हिंदू पक्ष ने दायर की थी याचिका

बता दें कि पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट की खंडपीठ के समक्ष 1902 में हुए सर्वे को लेकर बहस हुई थी। इसमें हिंदू पक्ष की ओर से याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने मांग की थी कि भोजशाला परिसर का दोबारा सर्वे किया जाए। कोर्ट ने इसे अयोध्या जैसा मामला बताकर फैसला सुरक्षित रख लिया था। भोजशाला मामले में सात जनहित याचिकाएं दायर हैं। मुख्य याचिका हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की है।

### यह है भोजशाला से जुड़ा विवाद

जिला प्रशासन की वेबसाइट के अनुसार भोजशाला राजा भोज ने बनवाई थी। यह यूनिवर्सिटी थी, जिसमें वाग्देवी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। मुस्लिम शासक ने इसे मस्जिद में परिवर्तित कर दिया था। इसके अवशेष प्रसिद्ध मौलाना कमालुद्दीन मस्जिद में देखे जा सकते हैं। यह भोजशाला के कैंपस में स्थित है जबकि देवी प्रतिमा लंदन के म्यूजियम में रखी है। भोजशाला में मंगलवार को हिंदू पक्ष को पूजा-अर्चना करने की अनुमति है।

# देश में आज से लागू हुआ सीएए, केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

**गैर मुस्लिम पाक, बांग्ला और अफगान शरणार्थियों को नागरिकता मिलेगी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार ने बड़ा दांव खेल दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीएए का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस बात पर पहले भी चर्चा हुई थी कि गृह मंत्रालय सीएए को लेकर कोई बड़ा फैसला करने जा रहा है। गृह मंत्री अमित शाह कई बार अपनी रैलियों से भी सीएए को लागू करने की बात कह चुके हैं। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद देश भर में 11 मार्च यानी से सीएए का कानून लागू हो गया है। बता दें कि सीएए को देश की संसद से पारित हुए लगभग 5 साल पूरे हो गए हैं।




**मोदी ने सिर्फ अग्नि-5 मिसाइल के सफल परीक्षण पर वैज्ञानिकों को बधाई दी-** मोदी ने सिर्फ अग्नि-5 मिसाइल के सफल परीक्षण पर वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन यानी डीआरडीओ के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- मिशन दिव्यास्त्र के लिए हमें अपने वैज्ञानिकों पर गर्व है।

**शाह ने कहा था- सीएए लोकसभा चुनाव के पहले लागू होगा-** गृह मंत्री अमित शाह ने 10 फरवरी को कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले देश में सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट (सीएए) लागू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएए देश का एक्ट है, इसे हम यकीनन नोटिफाई करेंगे। इसे चुनाव से पहले नोटिफाई किया जाएगा और चुनाव से पहले इसे लागू भी किया जाएगा।

### दो बड़े प्रावधान समझिए

1. सीएए से किसे मिलेगी नागरिकता
सीएए के तहत 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश से धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता दी जाएगी। इन तीन देशों के लोग ही नागरिकता के लिए आवेदन करने के योग्य होंगे।

2. **सीएए भारतीय नागरिकों को प्रभावित नहीं करेगा-** भारतीय नागरिकों से इसका कोई सरोकार नहीं है। संविधान के तहत भारतीयों को नागरिकता का अधिकार है। सीएए या कोई कानून इसे नहीं छीन सकता।

**नागरिकता के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा-** आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन रहेगी। आवेदकों को बताना होगा कि वे भारत कब आए। पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेज नहीं होंगे, तब भी आवेदन कर पाएंगे। इसके तहत भारत में रहने की अवधि पांच साल से अधिक रखी गई है।

## अग्नि-5 मिसाइल का परीक्षण सफल

**'मिशन दिव्यास्त्र' के लिए पीएम मोदी ने डीआरडीओ को दी बधाई**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अग्नि-5 मिसाइल के पहले सफल परीक्षण पर रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन यानी डीआरडीओ के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। उन्होंने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- मिशन दिव्यास्त्र के लिए हमें अपने वैज्ञानिकों पर गर्व है। इससे पहले कयास थे कि प्रधानमंत्री देश को संबोधित करेंगे।




मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा था कि वे देश में सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट यानी सीएए लागू करने का ऐलान करने वाली खबर चल रही थी। अग्नि-5 भारत की पहली और एकमात्र इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया है। ये भारत के पास मौजूद लंबी दूरी की मिसाइलों में से एक है।

## केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के 11 लाख जवानों को सौगात

- सीएपीएफ कैंटीन के सामान पर मिलेगी 50 फीसदी जीएसटी छूट

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के 11 लाख जवानों के लिए राहत की खबर है। गृह मंत्रालय ने सीएपीएफ कैंटीन यानी केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार (केपीकेबी) पर मिलने वाले उत्पादों पर 50 फीसदी जीएसटी छूट देने की बात कही है। इस बाबत सोमवार को गृह मंत्रालय द्वारा कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया है। कार्यालय ज्ञापन में कहा गया है कि केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार से सामान की खरीद पर 50 फीसदी जीएसटी सहायता दिनांक एक अप्रैल 2024 से लागू होगी। यह सहायता बजट के माध्यम से देय होगी।



**हरियाणा-गुरुग्राम में पीएम मोदी ने**

# द्वारका एक्सप्रेसवे समेत 112 प्रोजेक्टों का उद्घाटन कर, रोड शो किया



- विकास में सबसे ज्यादा दिक्कत कांग्रेस को है
- कांग्रेस चुनावी सरकार चलाती थी; घोषणा कर घोंसले में छुप जाती : मोदी

**गुरुग्राम (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के गुरुग्राम से सोमवार को द्वारका एक्सप्रेसवे समेत 112 प्रोजेक्टों का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने रोड शो निकाला और द्वारका एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया। उनके साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और हरियाणा सीएम मनोहर लाल समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के इस विकास में अगर सबसे ज्यादा किसी को दिक्कत है तो वह कांग्रेस और उसके इंडिया गठबंधन को। उनकी नींद खराब हो गई है। देश कहां से कहा पहुंच गया, लेकिन कांग्रेस और उनके दोस्तों का चश्मा नहीं बदला। उनके चश्मे का नंबर अभी भी वही है ऑल नेगेटिव। उन्होंने कहा कि ये तो वो लोग हैं जो केवल चुनावी सरकार चलाते थे। इन्होंने 2006 में 1000 करोड़ किलोमीटर का एक्सप्रेस वे बनाने की घोषणा की थी।

- **लोगों ने मोबाइल फोन की फ्लैश लाइट जलाई-** पीएम ने कहा कि विकास के इस उत्सव के लिए आइए मेरे साथ अपने मोबाइल फोन की फ्लैश लाइट चालू कीजिए। चारों तरफ जिन-जिन के पास मोबाइल है, ये विकास का उत्सव है। विकास का संकल्प है। मेहनत करने का संकल्प है। मेरे साथ बोलिए भारत माता की जय।
- **2047 तक देश विकसित होना चाहिए-** उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 60 दशक में जो गड्ढे खोदे थे वह तेजी से भरे जा रहे हैं। ये मोदी की गारंटी है। साथियो आप सभी को इस विकास के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मेरा सपना है कि 2047 तक देश विकसित होना चाहिए। हमारा हरियाणा विकसित होना चाहिए। हिंदुस्तान का कोना-कोना विकसित होना चाहिए।
- **हाईस्पीड कॉरिडोर बनाने पर फोकस-** पीएम ने कहा कि आज हम देश में 9 हजार किलोमीटर हाईस्पीड कॉरिडोर बनाने पर फोकस कर रहे हैं। इसमें से 4 हजार किलोमीटर कॉरिडोर बनकर तैयार हो चुका है।

## राजस्थान में आज से नहीं उठेगा कचरा

- सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल का ऐलान किया, बोले- मांगें पूरी होने तक नहीं करेंगे काम



**जयपुर (एजेंसी)।** प्रदेश के नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारी की भर्ती प्रक्रिया के विरोध में सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल का ऐलान किया है। जयपुर नगर निगम हेरिटेज मुख्यालय पर आज (सोमवार) संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ ने बैठक बुलाई थी।

संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर डंडोरिया ने बताया कि राज्य सरकार 24,797 पदों पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती लॉटरी से साल 2018 की तर्ज पर कर रही है। इसका हम विरोध करते हैं। बैठक में हमने आगामी आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में सभी ने एकमत होकर सामूहिक अवकाश पर रहने का फैसला किया। हमारी प्रमुख मांगें हैं कि सफाई कर्मचारी भर्ती मस्टरोल से की जाए। जिन अभ्यर्थियों ने नगर निगम में काम किया है, उनको सफाई कर्मचारी भर्ती 2024 में प्राथमिकता दी जाए।

# चुनावी बॉन्ड की जानकारी मुहैया कराने को एसबीआई ने मांगे तीन महीने

**सुप्रीम कोर्ट ने दिए 24 घंटे, फटकार लगाकर कहा आज ही जारी करें**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मामले पर सुनवाई कर रही संविधान पीठ के सदस्य जस्टिस खन्ना ने एसबीआई के वकील हरीश साल्वे से कहा कि आपने बताया कि इलेक्टोरल बॉन्ड की पूरी जानकारी एक सील कवर लिफाफे में रखी गई है तो ऐसे में आपको सिर्फ सील कवर खोलकर जानकारी देनी है। चुनावी बॉन्ड मामले पर सुप्रीम कोर्ट में एसबीआई को राहत देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि एसबीआई कल तक ही जानकारी दे और 15 मार्च तक चुनाव आयोग उस जानकारी को सार्वजनिक करे। एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी देने के समय सीमा 30 जून तक बढ़ाने की मांग की थी। एसबीआई की तरफ से सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे पेश हुए।



### सुप्रीम कोर्ट में एसबीआई को लगाई फटकार

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि आप (एसबीआई) कह रहे हैं कि दानदाताओं और राजनीतिक पार्टियों की जानकारी सील कवर के साथ एसबीआई की मुंबई स्थित मुख्य शाखा में है। मैचिंग प्रक्रिया में समय लगेगा, लेकिन हमने आपको मैचिंग करने के लिए कहा ही नहीं था और हमने सिर्फ स्पष्ट डिस्कलोजर मांगा था। मामले पर सुनवाई कर रही संविधान पीठ के सदस्य जस्टिस खन्ना ने एसबीआई के वकील हरीश साल्वे से कहा कि आपने बताया कि इलेक्टोरल बॉन्ड की पूरी जानकारी एक सील कवर लिफाफे में रखी गई है तो ऐसे में आपको सिर्फ सील कवर खोलकर जानकारी देनी है।

**सशक्त नारी-विकसित भारत प्रोग्राम में पीएम मोदी ने**

# 1000 दीदियों को ड्रोन सौंपे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को दिल्ली में सशक्त नारी-विकसित भारत प्रोग्राम में शामिल हुए हैं। उन्होंने एक हजार दीदियों को ड्रोन सौपे। ये ड्रोन फसलों की निगरानी, पेस्टिसाइड्स-फर्टिलाइजर का छिड़काव और बीज बुवाई जैसे कामों में मददगार होंगे। पीएम इंडियन एग्रिकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट में नमो ड्रोन दीदियों की ओर से आयोजित कृषि ड्रोन प्रदर्शन देखेंगे।



इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि जब भी मैंने महिला सशक्तिकरण पर बात की, तब कांग्रेस जैसी पार्टियों ने मेरा मजाक उड़ाया और अपमान किया। मोदी की स्कीम जमीनी अनुभवों के नतीजों पर आधारित हैं। आज हमने 10,000 करोड़ रुपए की राशि इन दीदीयों के खाते में जमा कराई गई हैं।

# सरकार का अल्टीमेटम !

**चीनी मोबाइल ब्रांड तुरंत लागू करें नियम, वरना भुगतना होगा अंजाम**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार चीनी स्मार्टफोन कंपनियों के खिलाफ सख्त हो गई है। दरअसल पिछले कुछ साल में चाइनीज कंपनियों पर वित्तीय नियमों के उल्लंघन के आरोप लगे हैं। इसी के तहत कई चाइनीज स्मार्टफोन ब्रांड की जांच हुई है, जिसमें वित्तीय अनियमिताएं उजागर हुई हैं। ऐसे में सरकार ने साफ कर दिया है कि भारत में कारोबार करने के लिए चाइनीज कंपनियों को भारत के नियमों का पालन करना होगा। साथ ही भारत सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करना होगा।



### नियम लागू करने का दबाव

मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, चाइनजी कंपनियों पर बीते कुछ वर्षों में टैक्स चोरी के आरोप लगे हैं। कई चाइनीज कंपनियां जांच के दायरे में रही हैं। कुछ चाइनीज कंपनियों पर मनी लॉन्ड्रिंग के साथ ही सीमा शुल्क चोरी की जांच चल रही है।

## गाजीपुर में बारात से भरी बस पर गिरा हाईटेंशन तार

**आग लगने से 4 की मौत, चंद सेकंड में पूरी बस जली, नाराज ग्रामीणों ने किया पथराव**

**गाजीपुर (एजेंसी)।** गाजीपुर में बड़ा हादसा हुआ है। यहां हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर चलती बस में आग लग गई। जिसमें 4 लोगों के जिंदा जलकर मौत की सूचना है। हालांकि मरने वालों का आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा हो सकता है। वहीं, कुछ झुलसे लोगों को अस्पताल भी भेजा गया है। बस में कुल 50 बाराती सवार थे।



# 4 साल की बच्ची को डेढ़ लाख में बेचा, आरा में एक साल पहले चोरी हुआ बच्चा भी बरामद

**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर पुलिस ने बच्चा चुराकर निःसंतानों को बेचने वाले गैंग का खुलासा किया है। साथ ही पुलिस ने दो बच्चों को भी बरामद किया है। बरामद बच्चों में जगदीशपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 15 के जागा के पीपल मुहल्ला के पास से गायब 4 साल की अर्पिता और बिहिया से एक साल पहले चोरी हुआ 3 साल का अंकुश कुमार है। इसके अलावा गैंग की लीडर पूजा देवी समेत पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पूजा ने बीते बुधवार को चोरी हुई बच्ची को डेढ़ लाख रुपए में बेचा था। एसडीपीओ ने बताया कि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण सभी पैसे के लालच में बच्चा चुराने का काम करते थे। गैंग की मास्टरमाइंड पूजा देवी है।



### 6 मार्च को चोरी हुई थी बच्ची

जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने बताया कि बीते बुधवार को अंतिम पांडे की 4 साल की बेटी अर्पित पांडे उर्फ मौसी गायब हुई थी। जिसके बाद परिजनों ने स्थानीय थाना में लापता होने का आवेदन दिया था। इसके बाद डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई थी। जिसने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच करते हुए जगदीशपुर के मीट मार्केट वार्ड नंबर 16 निवासी सुरेंद्र यादव की पत्नी पूजा देवी, शिवधारी गोंड की पत्नी पूनम देवी, शाहपुर थाना के बरीसवन गांव निवासी संतोष गोंड की पत्नी पचरत्न देवी, वार्ड नंबर 15 निवासी शिवधारी गोंड और ऑटो चालक अजय केसरी को गिरफ्तार किया गया है।

### बच्ची को डेढ़ लाख में बेचा था

आरोपियों की निशानदेही पर अर्पिता की सकुशल बरामद हो सकी। पूजा देवी ने अर्पिता को चुराकर निसंतान पंचरत्न देवी को डेढ़ लाख रुपए में बेचा था। सभी की गिरफ्तारी के बाद एक साल पूर्व बिहिया से गायब हुए दूसरे बच्चे अंकुश को पुलिस ने बरामद कर लिया है। बढ़िया के जज बाजार स्थित सूर्य मंदिर से एक साल पहले बच्चा चोरी के मामले में पुलिस ने पूजा देवी और खरीदार पूनम देवी को पुलिस ने आरोपी बनाया है।

### बेटे की हत्या के बाद गैंग से खरीदा था बच्चा

पकड़ी गई पूनम देवी के बेटे राजेश गोंड उर्फ अनुज की अक्टूबर 2021 में हत्या हो गई थी। निःसंतान होने पर उसने अपने घर से सौ मीटर की दूरी पर रहने वाली मास्टरमाइंड पूजा देवी से संपर्क बनाकर उससे बच्चा खरीदा। पूजा दूसरे का बच्चा चोरी कर मुंह मांगी कीमत पर बेचती थी।

### एक साल पहले चोरी हुआ था अंकुश

बता दे कि बिहिया 22 फरवरी 2023 को सूर्य मंदिर पोखरा के समीप शादी समारोह के दौरान 3 साल का अंकुश कुमार गायब हो गया था। इसे लेकर बच्चे के पिता जज बाजार निवासी वीर बहादुर पासवान ने संबंधित थाना में 3 मार्च 2023 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। टीम में जगदीशपुर थानाध्यक्ष विगाउ राम, दरोगा जयंत कुमार, पीएसआई मीना कुमारी, सुधांशु कुमार एवं एएसआई जितेंद्र कुमार शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जुआ और लॉटरी खेलने के आरोप में सात गिरफ्तार



**गया, एजेंसी।** गया शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दो स्थानों पर पुलिस ने छापेमारी कर जुआ और एक आंकिए लॉटरी खेलने के आरोप में सात लोगों को मौके से गिरफ़्तार किया है। इनमें एक आजाद पार्क से दो लोग तो रामधनपुर से पांच लोगों की गिरफ्तारी की गई है। इनके पास से नगदी, ताश समेत एक अंकिए लॉटरी खेले जाने में उपयोग ले जाने वाला रजिस्टर समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में मुकेश कुमार पिता स्वर्गीय बद्री राम मोहल्ला दिग्गी तलब कचहरी थाना सिविल लाइंस, गोलू कुमार पिता संजय प्रसाद मोहल्ला नई गोदाम थाना कोतवाली, विकास कुमार पिता संजय प्रसाद मोहल्ला नई गोदाम कोतवाली, चंदन साहू पिता कामत साहू मुहल्ला कुजापी थाना चंदौती, मोहम्मद जाहिद हारुण, मोहम्मद नसीम पिता मगरूर खान, दोनों जमा मस्जिद थाना कोतवाली समेत सूरज कुमार पिता स्वर्गीय पप्पू मिश्रा बागेश्वरी मंदिर थाना डेल्हा शामिल है। इनके पास से 2830 रुपया, तीन लॉटरी वाला कॉपी, छह मोबाइल फोन, एक लॉटरी वाला पेज समेत ताश का पूरा 52 पत्ता बरामद किए गए हैं। पुलिस उन लोगों को भी गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। इस संबंध में एसएसपी आशीष भारती ने बताया उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि रामधनपुर और आजाद पार्क में लॉटरी और जुआ खेला जा रहा है। बताया उनके निर्देश पर एएसपी टाउन पारसनाथ साहू एवं कोतवाली थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर आरोपियों रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

### पैसे के विवाद में पिता-पुत्र की पिटाईबीसी खुलवाने के लिए दिए थे पैसे, मांगने पर लाठी-डंडे से बेहरामी से पीटा



**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के भागलपुर गांव में रविवार को बकाया पैसे के विवाद को लेकर पिताङ्कपुत्र की लाठी-डंडे से जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।मामल शांत होने के बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए पीरो रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ज़ख्मियों में पीरो थाना क्षेत्र के भागलपुर गांव निवासी 50 वर्षीय शमशाद कुरैशी एवं उनका 20 वर्षीय पुत्र शोएब कुरेशी शामिल है। इधर,शोएब कुरैशी ने बताया कि उसने गांव के ही एक व्यक्ति के पास कुछ माह पूर्व बीसी लगाया था। बीसी खुलने के बाद उक्त व्यक्ति के पास उसका साठ हज़ार रुपया बकाया था। दो माह पूर्व भी वह उक्त व्यक्ति के पास अपना बीसी का बकाया पैसा मांगने गया था तो उस समय भी उसके द्वारा मारपीट की गई थी। हालांकि, बात खत्म हो गई थी। जब वह अपने पैसा मांगने गया तो उक्त व्यक्ति द्वारा पैसा देने से मना कर दिया गया और उसकी द्वारा इसकी पिटाई कर दी गई। जब उसके पिता देखने गए कि उनका बेटा वहां क्या कर रहा है तो व्यक्ति द्वारा दोनों बाप-बेटे की दोबारा लाठी-डंडे से पिटाई कर दी गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए पीरो रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं दूसरी ओर जख्मी शोएब कुरैशी ने गांव के ही सुनील कुरैशी नामक व्यक्ति पर बीसी का बकाया पैसा मांगने पर दोनों बाप-बेटे की पिटाई करने का आरोप लगाया है।इसके बाद पीड़ित परिवारों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है

# इस बार लोकसभा चुनाव में जमकर उड़ेंगे उड़न खटोले

## धुंआधार होगा प्रचार; किराया 5 लाख से ज्यादा



**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आदर्श आचार संहिता कभी भी जारी हो सकती है। इस बीच तमाम दलों द्वारा लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया जा रहा है। रविवार को तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल की सभी 42 सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान किया। टीएमसी ने सभी सीटों पर कैंडिडेट उतारकर इंडिया गठबंधन को करारा झटका दिया है। हालांकि ममता बनर्जी पहले ही स्पष्ट कर चुकीं थी कि राज्य में वो किसी भी दल के साथ गठबंधन शेयर नहीं करेंगी। बंगाल में दो पूर्व क्रिकेटर और चार फिल्मी सितारों के अलावा कई हाई प्रोफाइल उम्मीदवार हैं। बीजेपी की तरफ से भी नई नामी चेहरों को टिकट दिया गया है। ऐसे में चुनाव में जमकर प्रचार की उम्मीद है। विमानन उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों की तैयारी के बीच विशेष विमानों और हेलीकॉप्टर की मांग में पिछले आम चुनाव के मुकाबले 40 फीसदी तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। 'क्लब वन एयर' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राजन मेहरा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''निजी विमानों की मांग तेजी से बढ़ेगी और यह मांग विशेष विमानों और हेलीकॉप्टरों की उपलब्धता से अधिक होने की उम्मीद है। विशेष विमानों और हेलीकॉप्टर की आपूर्ति सीमित संख्या में होती है।''

### किराया 5 लाख रुपए प्रति घंटे

विशेष विमान और हेलीकॉप्टर सेवा का शुल्क प्रति घंटे के आधार पर लिया जाता है। उद्योग जगत के विशेषज्ञों की राय है कि विशेष विमान का शुल्क साढ़े चार लाख रुपये से 5.25 लाख रुपये प्रति घंटे के बीच हो सकता है। एक हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटे का शुल्क करीब डेढ़ लाख रुपये होगा। बिजनेस एयरक्राफ्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन (बीएओए) के प्रबंध निदेशक कैप्टन आर के बाली ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान निजी विशेष विमानों और हेलीकॉप्टर की मांग पिछले चुनाव की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चला कि दिसंबर 2023 के अंत में 112 गैर-अनुसूचित संचालक (एनएसओपी) थे। आम तौर पर एनएसओपी ऐसी इकाइयां होती हैं जिनका कोई विशेष निर्धारित कार्यक्रम नहीं होता है और उनके विमान आवश्यकता पड़ने पर उड़ान भरते हैं। बाली ने कहा कि करीब 112 एनएसओपी हैं लेकिन इनमें से 40-50 फीसदी केवल एक विमान का संचालन करते हैं। उन्होंने कहा कि एनएसओपी के पास करीब 450 विमान होने का अनुमान है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक इन 'ऑपरेटर' के पास जो विमान और हेलीकॉप्टर हैं, उनमें बैठने की क्षमता तीन से 37 तक है। आंकड़ों से पता चलता है कि अधिकांश विमानों और हेलीकॉप्टर में बैठने की क्षमता 10 से कम है। मेहरा ने कहा कि राजनीतिक नेता छोटे कस्बों तक यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर की मांग करेंगे, इसलिए हेलीकॉप्टर की मांग अधिक बढ़ने की संभावना है। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को सौंपे गए 2019-20 के लिए पार्टी के वार्षिक ऑडिट खातों के अनुसार, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विमान/हेलीकॉप्टर के लिए कुल 250 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए थे।

# क्सालरूम को बेडरूम बनाकर रही शिक्षिका पर कार्रवाई का निर्देश

### जांच में बरदौन स्कूल पहुंचे डीएम, बोले-डीईओ को दिए कार्रवाई के निर्देश



**जमुई, एजेंसी।** जमुई में स्कूल के कमरे को अपना बैडरुम बना कर प्रधान शिक्षिका द्वारा उसका निजी कार्यों में इस्तेमाल करने मामले में डीएम राकेश कुमार ने जांच की है।

इसके साथ ही इस मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने स्कूल के सभी कमरों का जायजा लिया। स्कूल का मुआयना किया। डीएम ने इस दौरान स्कूल प्रधान शीला हेंब्रम को बुलाकर स्कूल के कमरे को बेडरूम बनाकर रहने को लेकर जमकर फटकार लगाई है। डीएम राकेश कुमार ने कहा कि स्कूल में पहले से ही कमरे कम हैं। एक कक्षा में तीन वर्ग के बच्चों को पढ़ाया जाता है। ऐसे में स्कूल के एक कमरे को बेडरूम बना कर इस्तेमाल करना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान जिलाधिकारी राकेश कुमार ने मौजूद ग्रामीणों से बातचीत की।

वहां की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त शिक्षिका का घर बरदौन गांव में ही है। उसकी पोस्टिंग उसके घर में ही कर दी गई है। इतना ही नहीं वह पिछले कई सालों से उसी स्कूल में पदस्थापित हैं। डीएम ने इस मामले में भी जिला शिक्षा पदाधिकारी को जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल में काफी अनियमितताएं मिली हैं। स्कूल के बिल्डिंग पर स्कूल का नाम तक दर्ज नहीं है। इतना ही नहीं कार्यालय की स्थिति भी काफी खराब है। डीएम ने कहा कि मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# पटना मे गोली मार कर युवक की हत्या, नवोदय विद्यालय में शिक्षक थे



**पटना, एजेंसी।** पटना के नदी थाना क्षेत्र के जेठूली गांव में अपराधियों ने एक नवोदय विद्यालय के शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली मारने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना की सूचना पाते ही स्थानीय लोगों ने जमकर बवाल काटा। मौके पर पहुंची पुलिस करवाई में जुटी है। नाराज लोगों ने फतुहा पटना स्टेट हाइवे को जाम कर प्रदर्शन किया।

### घर लौट रहे थे शिक्षक

स्थानीय लोगों ने अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार जिले के वरीय अधिकारियों को घटना स्थल पर बुलाने पर अड़े हुए हैं। मृतक जेठुली के रामानंद राय के 45 वर्ष से पुत्र रणवीर कुमार उर्फ दीनानाथ राय है जो बड़हिया में नवोदय विद्यालय के शिक्षक थे। वो वापस घर जा रहे थे।

### गुस्साए लोगों ने किया सड़क जाम

इस दौरान जेठुली गांव में उनके घर के पास ही बाइक सवार अपराधी पहले से घात लागए बैठे हुए थे। जैसे ही शिक्षक रणवीर कुमार अपने घर के पास पहुंचें तो अपराधियों ने गोली मार हत्या कर दी। गोली मारते ही अपराधी पटना की ओर भाग निकले। बताया जाता है की अपराधी काफी नजदीक से शिक्षक को गोली मारी है।

### दहशत का माहौल

वहीं, इस घटना के बाद आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा किया। साथ ही प्रदर्शनकारी अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। घटना स्थल पर आस पास के थाने से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। स्थानीय पुलिस लोगों को समझा बुझाकर जाम को छुड़वाया की।

इस पूरे मामले में नदी थाना अध्यक्ष राजू कुमार का कहना है कि पुलिस लगातार छापेमारी में जुटी है। शिक्षक को गोली क्यों मारी गई है इसका कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है हम लोग आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रहे हैं। जो भी अपराधी इसमें संलिप्त होगा उसकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# बांका में कवियों ने बांधा समां, हास्य कवि शंभू शिखर ने लोगों को लिया लोटपोट



**बांका, एजेंसी।** बांका में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कवियों ने ऐसा समा बांधा कि वहां मौजूद हर कोई देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत हो उठा।इस दौरान प्रसिद्ध हास्य कवि शंभु शिखर के प्रस्तुति ने लोगों को अंत तक कार्यक्रम में अपने शब्दों से बांधे रखा।कवि सम्मेलन में दूर से आए प्रसिद्ध कवियों ने क्षेत्रवासियों का अपनी कविताओं से दिल जीत लिया। हास्य कवि शंभू शिखर ने अपनी प्रसिद्ध पंक्तियां-हम सौ पर भारी एक पड़ें, हम धरती पुत्र बिहारी हैं..सुनाकर पूरे महफिल में तालियों की गडगडाहट से गरमाहट ला दी।

पद्मिनी शर्मा ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की।इसके बाद हास्य कवि डा सुरेश अवस्थी की हास्य व्यंग की रचना ने सभी को खूब हसाया।जिस दिन से मेरी मुस्कुराने लग गयी, जहनियत लोगों की फिर आंसू बहाने लग गई...।फागुन के आगाज के साथ ही कवि सम्मेलन का आयोजन श्रोताओं को खूब,भाया।कवियत्री पदमिनी शर्मा के श्रृंगार रस की धारा बही।कहा भारत की संस्कृति परम पुनीता बचा लो करमों की अदालत मे अपनी गीता बचा लो... सुनाया। डॉ. तिश्या श्री ने कहा तुम्हारा हाथ थामें जिंदगी का गीत गाएं बस, अंधेरे से हमारा एक जुगनू जीत जाए बस आदि का पाठ किया। बौसी प्रखंड स्थित अद्वैत मिशन मंदार विद्यापीठ परिसर में अद्वैत मिशन मंदार विद्यापीठ के संस्थापक आनंद शंकर माधवन जी की 110 वीं जयंती के उपलक्ष पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। राष्ट्रीय कवियों की महफिल की शुरुआत कार्यक्रम का उद्घाटन अपर न्यायाधीश शमीम राजा एवं संस्थान के चेयरमैन अरविंद माडम्बत ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इसके बाद मौके पर देश के अलग-अलग जगह से कार्यक्रम में पहुंचे कवियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी सुंदर प्रस्तुतियां दी एवं कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना की गई इसके बाद कवि सम्मेलन से पूरा इलाका हंसी से गूंज उठा।देश के प्रख्यात कवियों के प्रस्तुति में उपस्थित भीड़ को गुदगुदाने को मजबूर कर दिया। श्रृंगार रस साहित्य रस और विभिन्न श्रेणियां के कवियों के प्रस्तुति से पंडाल में उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया एवं एक से बढ़कर एक कविता और हास्य प्रस्तुत किया गया। इस दौरान श्रोताओं को इतना गुदगुदाया की तालियां लगातार बजती रही। रात भर कार्यक्रम में श्रोताओं ने खूब आनंद उठाया।प्रसिद्ध हास्य कवि शंभु शिखर के प्रस्तुति को सुनकर लोग हंसते-हंसते लोटपोट हो गए।कार्यक्रम देखने के लिए बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उनके अभिभावक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# जंगल सफारी में पर्यटकों ने बाघ का किया दीदार

**बगहा (वाल्मिकीनगर), एजेंसी।** वीटीआर के मंगुराहा पर्यटन केंद्र में जंगल सफारी के दौरान रविवार की शाम पर्यटकों ने बाघ का दीदार किया। सफारी के दौरान विशाल रॉयल बंगाल टाइगर सफारी रूट पर ही गटर-मस्ती करते दिखा। नए सफारी रुट पर निकले पर्यटक बाघों को देखकर आनंदित हुए।

वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के वाल्मीकिनगर के बाद अब मंगूराहा सफारी के लिए पहली पसंद बनते जा रहा है। इन दिनों जंगल सफारी के दौरान अक्सर जानवरों को बड़ी संख्या में देखा जा रहा है। ऐसा बहुत कम होता है कि जब बाघ को इतना नजदीक से देखने की हसरत पूरी हो।

### मंगुराहा में बाघों की संख्या बढ़ रही

वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में यूं तो लगातार जानवरों की संख्या बढ़ रही है । लेकिन ङ्कअक्रके मंगुराहा वन क्षेत्र में जानवरों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है । इस क्षेत्र में जहां बेतहाशा शाकाहारी जानवर बढ़ रहे हैं । शाकाहारी जानवरों के कारण मांसाहारी जानवरों के भी कुनबे में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है । यही कारण है कि मंगुराहा वन क्षेत्र पर्यटकों के लिए पसंदीदा स्पॉट बनता जा रहा है । यह क्षेत्र शोर शराबे से काफी अलग है । इसके साथ ही यहां पर बेहतर भोजन की व्यवस्था है ।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना मे गोली मार कर युवक की हत्या, नवोदय विद्यालय में शिक्षक थे

**पटना।** पटना के नदी थाना क्षेत्र के जेठूली गांव में अपराधियों ने एक नवोदय विद्यालय के शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी। फतुहा डीएसपी निखिल कुमार के मुताबिक जमीन बंटवारे में विवाद चल रहा था। इसी को लेकर हत्या को अंजाम दिया गया है। इस मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है। हत्या का आरोप मृतक के भाई रणधीर कुमार पर ही लगा है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। स्थानीय लोगों ने अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार जिले के वरीय अधिकारियों को घटना स्थल पर बुलाने पर अड़े हुए थे। मृतक जेठुली के रामानंद राय के 45 वर्ष से पुत्र रणवीर कुमार उर्फ दीनानाथ राय है जो बड़हिया में नवोदय विद्यालय के शिक्षक थे। वो वापस घर जा रहे थे। इस दौरान जेठुली गांव में उनके घर के पास ही बाइक सवार अपराधी पहले से घात लगाए बैठे हुए थे। जैसे ही शिक्षक रणवीर कुमार अपने घर के पास पहुंचें तो अपराधियों ने गोली मार हत्या कर दी। गोली मारते ही अपराधी पटना की ओर भाग निकले। बताया जाता है कि अपराधी काफी नजदीक से शिक्षक को गोली मारी थी। वहीं, इस घटना के बाद आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा किया। साथ ही प्रदर्शनकारी अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। घटना स्थल पर आस-पास के थाने से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। स्थानीय पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर जाम को छुड़वाया।



### 13 मार्च को BJP मनाएगी जुब्बा सहनी का शहादत दिवस, श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में होगा आयोजन

**पटना।** विधान परिषद के पूर्व नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता हरि सहनी ने BJP कार्यालय में प्रेस कांफ्रेस बुलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अमर शहीद जुब्बा सहनी का 13 मार्च को शहादत दिवस है। पार्टी के निर्णय के अनुसार हम लोग पखवाड़ा मना रहे हैं। इस अवसर पर श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में मत्स्य जीवी प्रकोष्ठ द्वारा जुब्बा सहनी का शहादत दिवस मनाया जाएगा। हरि सहनी ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि राम-कृष्ण की धरती को हम लोग शहीदों का धरती यानी भारत के रूप में जानते हैं। वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शहीदों को गांव-गांव से खोज कर निकाला गया है और उनको सम्मान दिया गया है। यह देखकर दिल बाग-बाग होता है। ऐसे में 13 तारीख के कार्यक्रम में उम्मीद है कि बड़ी संख्या में लोग जुब्बा सहनी को सम्मान देने के उद्देश्य से भाग लेंगे। जब हम इतिहास पढ़ते हैं तब समझ में आता है कि कैसे इस देश के आजादी में 10 लाख से भी अधिक पूर्वजों ने कुर्बानी दी। जब यह पढ़ता हूं तो देश के प्रति समर्पण और अधिक बढ़ जाता है। ऐसा कार्यक्रम करवाना इसलिए भी जरूरी है ताकि देश के आने वाली पीढ़ी भी देश से लगाव रखें और वह शहीदों का सम्मान करे।




### नित्यानंद राय बोले- अवसरवादी है इंडिया गठबंधन

**पटना।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय सोमवार को पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर उन्होंने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर से सीट शेयरिंग को लेकर नाराजगी पर कहा कि कोई नाराज नहीं है। एनडीए में सब कुछ ठीक है। मजबूती के साथ हम लोग 40 में से 40 सीटे जीतेंगे। वहीं, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने 42 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार को उतार दिया है। इसको लेकर कहा कि जिस तरह से पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने सभी सीटों पर उम्मीदवार उतार दिया है। उस से स्पष्ट है कि यह अवसरवादी गठबंधन है। उन्होंने विपक्ष पर यह भी आरोप लगाया है कि वहां सत्ता के लिए काफी टकराहट है। सिर्फ स्वार्थी लोग बैठे हुए हैं। इसकी कोई नीति नहीं है। नियत नहीं है। उसको ना देश के लोगों से मतलब है, ना विकास से मतलब है। बस परिवारवाद पर यह गठबंधन टीका हुआ है। ईडी की ओर से सुभाष यादव को गिरफ्तार किया गया है। इसको लेकर उन्होंने कहा की जो भी बालू माफिया और लोगों पर अत्याचार करने वाला, गरीबों को लूटने वाला, भ्रष्टाचार फैलाने वाला हो, इन सारे माफियाओं का बिहार की धरती पर कोई गुंजाइश नहीं है। गृह मंत्री जी ने जो कहा है कि वह बिहार के लोगों के हित में माफिया राज समाप्त होगा। जनता का राज यहां है। जो भी विकास का काम लटका हुआ है। अब बहुत तेजी से होगा। वहीं, उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के धर्म-अधर्म की लड़ाई वाले बयान पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि धर्म भाजपा के साथ है। न्याय के साथ है। सबका साथ सबका विकास का नारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया था। उसी तरह से पूरे देश में विकास हो रहा है। यही कारण है कि जनता भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है। केजरीवाल और महागठबंधन जैसे लोग अधर्म के रास्ते पर चलकर देश को लूटने का काम करते हैं।



### बिहार में 15 वर्ष से नहीं निकली लाइब्रेरियन की वैकेंसी, सीएम नीतीश को लिखा पत्र



**पटना।** बिहार में पिछले 15 सालों से लाइब्रेरियन की बहाली नहीं निकली है। 7 हजार से अधिक पद खाली है। लगातार अभ्यर्थी इस बहाली को निकालने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। वही अब इसको लेकर इंडियन लाइब्रेरियन एसोसिएशन के महासचिव डॉ ओपेन्द्र नाथ चौबे की ओर से सीएम नीतीश को पत्र लिखा गया है। उन्होंने पत्र में लिखा है की भारतीय पुस्तकालय संघ (इंडियन लाइब्रेरी एसोसिएशन), नई दिल्ली, 1933 में स्थापित देश के विभिन्न क्षेत्रों के पुस्तकालयों एवं उनके कर्मियों के बेहतरी के लिए सदैव तत्परता से कार्यरत हैं। बिहार राज्य से प्रकशित विभिन्न समाचार पत्र, सोशल मीडिया एवं ऑल बिहार ट्रेंड् लाइब्रेरी एसोसिएशन के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि विगत 15वर्षों से आपके यहां सरकारी शिक्षण संस्थानों में लाइब्रेरियन पद सृजित होने के बावजूद भी लंबित है। इससे इस क्षेत्र में प्रशिक्षित बैचलर ऑफ लाइब्रेरी साइंस एवं मास्टर्स ऑफ लाइब्रेरी साइंस के लाखों छात्र बेरोजगारी से जुझ रहे हैं। जबकि आपके ही सरकार के द्वारा 2008 में पुस्तकालय अधिनियम लागू किया गया इसके बाबजूद भी बगैर प्रशिक्षित लाइब्रेरियन के द्वारा अन्य कर्मचारियों से ही लाइब्रेरी का संचालन किया जा रहा है जो कि बेहतर शिक्षा के लिए अभिशाप है। उन्होंने सीएम से आग्रह है कि बिहार के छात्रों के भविष्य व प्रदेश के बेहतर शिक्षा व्यवस्था हेतु सभी शिक्षण संस्थानों (माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय) में जहाँ लाइब्रेरियन की बहाली वर्षों से नहीं की गई यथाशीघ्र बहाली निकाले।

# 3 करोड़ के सोना लूटकांड का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

एजेंसी, पटना।



**आरोपी का कनेक्शन कांग्रेस के छात्र संगठन NSUI से, पटना के लॉज में बनाई थी प्लानिंग**

दिल्ली से पटना आए कारोबारी अंसार अली मुल्ला के बेटे को गोली मारकर घायल करने और 3 करोड़ का सोना लूटने के मामले में पहली गिरफ्तारी हुई है। जिस शख्स को पकड़ा गया है, उसका कनेक्शन कांग्रेस के छात्र संगठन NSUI से रहा है। इसका नाम सैयद अली रजा हाशमी है। ये मूल रूप से छपरा का रहने वाला है। सोमवार को इसकी पुष्टि सिटी एसपी सेंट्रल चंद्र प्रकाश ने की है। सिटी एसपी सेंट्रल चंद्र प्रकाश ने बताया कि अली रजा हाशमी रमना रोड में पीली कोठी नाम के लॉज में रहता था और यहीं से इसे गिरफ्तार किया गया है। यही इस कांड का मुख्य साजिशकर्ता है। सोना लूट और गोली मारने की वारदात को अपराधियों ने 7 मार्च को दिनदहाड़े फ्रेजर रोड में डाक बंगला चौराहा के पास अंजाम दिया था।

**घटनास्थल पर मौजूद था हाशमी:** जिस वक्त लूट और गोली मारने की वारदात को अंजाम दिया गया था, उस दरम्यान सैयद अली रजा हाशमी वारदात स्थल पर मौजूद था। यह बात पुलिस की जांच में स्पष्ट हुई है। मतलब इसकी निगरानी में पूरे वारदात को अंजाम दिया गया। वारदात के बाद भागने का रूट अपराधियों ने तैयार कर रखा था। उसी तय रूट से वो भागे थे। फिर रमना रोड स्थित लॉज पर पहुंचे। वहीं, कमरे में सोना को दूसरे बैग में रखा गया और फिर वहां से सारे अपराधी फरार हो गए।

**लॉज में बनाई थी प्लानिंग:** पटना पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि कारोबारी और उसके बेटे के मूवमेंट की जानकारी सैयद अली रजा हाशमी को थी। इसमें बाकरगंज में सोना-चांदी का कारोबार करने वाले एक कारोबारी ने इसकी मदद की। सारी सूचनाएं उपलब्ध कराई। इसके आधार पर अपराधियों ने रेकी की। सिटी एसपी सेंट्रल के अनुसार 6 मार्च को लॉज के कमरे में मास्टरमाइंड ने अपने जूनियर व साथी अपराधियों को बुलाया। उस दिन वहीं पर वारदात को अंजाम देने की पूरी प्लानिंग रची गई। रात में लॉज में ही सभी का एक साथ खाना-पीना भी हुआ था। इसके बाद अगले दिन दोपहर 12 बजे के आसपास कारोबारी से 5 किलो के करीब का सोना लूटा गया। विरोध करने पर कारोबारी के साथ आए उसके बेटे को हाथ में गोली मारी गई। जिससे वो घायल हो गया था।

**चोरी की बाइक का हुआ था इस्तेमाल:** सिटी एसपी सेंट्रल ने दावा किया है कि अभी तक की जांच और गिरफ्तार किए गए मास्टरमाइंड से हुए पूछताछ में कुल 5 अपराधियों के शामिल होने की बात सामने आई है। बाकी के 4 अपराधियों की पहचान हो गई है। उनके नाम-पते सब मिल गए हैं। उनके घरों पर छापेमारी भी हुई है। मगर, वो फरार हैं। अभी तक हाथ नहीं लगे हैं। न ही कारोबारी से लूटा गया सोना बरामद हुआ है। उसे बरामद करने में टीम लगी हुई है। हालांकि, छापेमारी के दौरान सैयद अली रजा हाशमी के घर से वारदात में इस्तेमाल किए गए तीन बाइक को बरामद कर लिया गया है। इसमें दो बाइक चोरी की है। जबकि, तीसरी बाइक के बारे में डिटेल पता कराया जा रहा है।

**टेक्निकल जांच में मिली लीड:** पटना पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर इस कांड के बाद कई सवाल खड़े हुए। इसका जवाब पुलिस अभी भी नहीं दे पा रही है। सिटी एसपी सेंट्रल ने जांच प्रभावित होने का हवाला देते हुए कहा कि वारदात का पूरा खुलासा हो गया है। मगर, पूरी बात बताने से जांच प्रभावित हो जाएगी। लेकिन, बताया कि टेक्निकल जांच के क्रम में उनकी टीम को लीड मिली। CCTV खंगालने से काफी क्लू मिले। इसी आधार पर उनकी जांच आगे बढ़ी और मास्टर माइंड तक पहुंच पाने में पुलिस कामयाब हो पाई।

**कटिहार सीनियर डिप्टी कलेक्टर पर कार्रवाई**

## 19 लाख 21 हजार 992 रुपए आय से अधिक पाया गया

एजेंसी, पटना।



बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अनिमेष कुमार पर कार्रवाई की गई है। इनके तीन इंक्रीमेंट को रोका गया है। DTO रहते उन्होंने अवैध धन अर्जित की है। तत्कालीन DTO अनिमेष कुमार फिलहाल कटिहार में सीनियर डिप्टी कलक्टर के पद पर तैनात हैं। अनिमेष कुमार के खिलाफ कुल 19 लाख 21 हजार 992 रुपए आय से अधिक संपत्ति का आरोप पाया गया। निगरानी ब्यूरो ने कैमूर के तत्कालीन DTO अनिमेष कुमार के खिलाफ 2016 में आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया था। इसके बाद कैमूर समेत अन्य ठिकानों पर छापेमारी की थी। तत्कालीन जिला परिवहन पदाधिकारी अनिमेष कुमार ने अपने बैंक खातों का ब्योरा और चल और अचल संपत्ति का ब्योरा नहीं दिया था। साथ ही अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने की बात सामने आई थी। इसके बाद परिवहन विभाग ने इस संबंध में 28 अक्टूबर 2016 को सामान्य प्रशासन विभाग को जानकारी दी थी। इसके बाद दागी अपराधी के खिलाफ आरोप पत्र गठित किया गया। पूरे मामले की जांच पटना प्रमंडल की कमिश्नर ने की थी। पटना कमिश्नर को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया था। पटना कमिश्नर ने 20 अप्रैल 2023 के रिपोर्ट पर कार्रवाई की गई। पटना कमिश्नर ने आरोप संख्या 1, 2 और 3 को सही नहीं पाया। वहीं आरोप संख्या 4 को प्रमाणित और आरोप संख्या 5 को आंशिक प्रमाणित की रिपोर्ट की थी। आरोपी पदाधिकारी अनिमेष कुमार के खिलाफ कुल 19 लाख 21 हजार 992 रुपए आय से अधिक संपत्ति का आरोप पाया गया। भ्रष्टाचार के आरोपी और अवैध संपत्ति अर्जित करने के आरोप में निगरानी ब्यूरो ने 2016 में ही कैमूर के तत्कालीन DTO अनिमेष कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर छापेमारी की थी। रेड में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के प्रमाण मिले थे। निगरानी रेड के बाद सरकार ने विभागीय जांच कराई। इस जांच में भी आरोपी अधिकारी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के प्रमाण मिले थे।

## दियारा इलाके में बना पुलिस कैंप

एजेंसी, पटना।

**DSP रैंक के अधिकारी करेंगे मॉनिटरिंग, क्राइम सर्वे, मिनी गन फैक्ट्री, क्रिमनल्स के बारे में पता लगाएंगे**

बिहार न्याय संहिता को समझने के लिए बिहार पुलिस अकादमी राजगीर में पुलिसकर्मियों को कोर्स कराया जा रहा है। इस कोर्स के जरिए 137 पुलिस निरीक्षक और पुलिस उपाधीक्षक रैंक के पदाधिकारी प्रशिक्षण ले रहे हैं। तीन नए अपराधिक कानूनों को समझाने के लिए केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान गाजियाबाद के विशिष्ट अनुदेशकों का सहयोग लिया जा रहा है। 1 जुलाई से पूरे देश में भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय संहिता लागू होने वाला है। इस कोर्स का नाम ट्रेनिंग और ट्रेनर्स दिया गया है।

**बनाए गए 41 पुलिस कैंप:** पुलिस महनिरीक्षक के सहायक कल्याण अधिकारी विशाल शर्मा ने बताया कि पुराने मुख्य कानूनों से परिवर्तित नए अपराधिक कानूनों की जानकारी आने वाले महिनों में बिहार पुलिस के अन्य पदाधिकारियों को भी दी जाएगी। तीन नए अपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 से लागू हो रहे हैं। इस दिशा में बिहार पुलिस की ओर से तैयारी की जा रही है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि 41 पुलिस कैंप दियारा इलाके में स्थापित किए जा चुके हैं।

**नाविकों का तैयार करना होगा डेटा बेस:** इनके जरिए दियारा इलाके में होने वाले अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। इनका काम दियारा इलाके में क्राइम सर्वे करना, मिनी गन फैक्ट्री, के बारे में पता लगाकर विधि सम्मत कार्रवाई करना,टाल क्षेत्र के अपराधियों और उनके पास कौन कौन से हथियार हैं, उसके बारे में पता लगाकर कार्रवाई करना, नाविकों का डेटा बेस तैयार करना होगा। बालू के अवैध खनन, भंडारण, शामिल परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करना शामिल है।

## डिवाइडर से टकराई कार, 4 इंच की रॉड आर-पार

एजेंसी, पटना।



**10 फीट हवा में उछली गाड़ी, 150 से ज्यादा थी स्पीड, एक की मौत, 4 गंभीर**

पटना के अटल पथ पर महेशनगर के पास रविवार की रात भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। उसके शरीर में लोहे की रॉड घुस गई थी। वहीं, चार युवक गंभीर रूप से घायल हैं। गाड़ी (एंडेवर) के अंदर 5 लोग सवार थे। गाड़ी की स्पीड 150 से ज्यादा थी। लोगों ने बताया कि राहगीर को बचाने के चक्कर में ड्राइवर संतुलन खो बैठा। और गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर के बाद गाड़ी हवा में 10 फीट तक उछली। 3-4 पलटी मारने के बाद रगड़ाते हुए गाड़ी फुटओवर ब्रिज के पिलर से टकरा कर रुकी। हादसे में सीतामढ़ी के रहने वाले हर्ष कुमार (21) की मौत हो गई है। फिलहाल वो पटना के इंद्रपुरी में रहता था। कार नंबर BR-01-FD-5050 है।

**टकराने के बाद 10 फीट हवा में उछली गाड़ी:** मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि रविवार रात गाड़ी दीघा की तरफ से आ रही थी और आर ब्लॉक की तरफ जा रही थी। गाड़ी की स्पीड बहुत ही ज्यादा थी। महेश नगर के पास पहुंचते ही अचानक गाड़ी बीच के डिवाइडर से जा टकराई और जोरदार आवाज हुई। इसके बाद करीब 10 फीट ऊपर हवा में गाड़ी उठ गई। फिर रोड पर गिरते ही पलट गई और 3-4 बार पलटी। फिर रोड पर घसीटते हुए फुटओवर ब्रिज तक गई। पिलर से टकराने के बाद रुक गई। इसके बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।

**राहगीर को बचाने के चक्कर में हादसा:** महेशनगर में गुमटी चलाने वाले सूरज राय ने बताया कि मैं दुकान के बाहर ही टहल रहा था। करीब रात के 8:45 बज रहे होंगे। तभी मेरी दुकान से होकर एक युवक अटल पथ पर गया। वह रेलिंग पारकर महेशनगर की तरफ जाने वाला था। वह अटलपथ पार कर ही रहा था कि दीघा की तरफ से तेज रफ्तार में एक कार आती हुई दिखी। रफ्तार अधिक थी। कार सड़क पार कर रहे व्यक्ति को बचाने के चक्कर में अटलपथ के रेलिंग से टकराई और उसे तोड़ते हुए हवा में उछल गई।

**सनरूफ तोड़कर लड़कों को निकालना शुरू किया:** कार फ्लाईओवर के पिलर से टकराई और तेज आवाज के साथ पलट गई। आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग डर से सहम गए। मैंने भागकर हल्ला किया और लोगों को जमा किया। एक युवक को रॉड घुस गई थी। बाकी लड़के भी गंभीर थे। सब लहूलुहान थे। हम लोगों ने पुलिस का इंतजार किए बिना सनरूफ तोड़कर लड़कों को निकालना शुरू किया। तब तक पुलिस भी आ गई और सभी को अस्पताल पहुंचाया गया।

**गाड़ी में फंसे युवक को निकालने की कोशिश में जुटे थे लोग:** गाड़ी में फंसे युवकों को निकालने की कोशिश में लोग जुट गए। साथ ही पुलिस को कॉल कर जा जानकारी दी गई। गाड़ी के अंदर से फंसे युवकों को निकालने में काफी परेशानी हुई। कुछ समय बाद पुलिस पहुंची। एंबुलेंस आई। फिर गंभीर हालत में सभी घायलों को पाटलिपुत्र गोलंबर के पास स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में ले जाया गया। वहां पहुंचने के बाद ही डॉक्टर ने एक युवक के मौत की पुष्टि कर दी। बाकी सभी घायलों का इलाज चल रहा है। अभी तक सिर्फ मृतक की पहचान हो पाई है।

## शहर के शौचालयों की साफ-सफाई की जिम्मेदारी महिलाओं के हाथ, 6 विशेष टीम बनाई गई

एजेंसी, पटना।



**हर अंचल में होगी नियमित सफाई**

पटना नगर निगम के अंतर्गत शहर के सामुदायिक शौचालयों को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी अब महिलाकर्मियों पर होगी। महिलाओं की विशेष टीम शौचालयों की नियमित साफ-सफाई करेंगी। इसके लिए लिए 6 विशेष टीम बनायी गयी है। हर अंचल को एक-एक टीम दी जाएगी। हर टीम में तीन महिला कर्मी शामिल होंगी जिसके साथ एक वाहन होगा जिसमें 500 लीटर की एक पानी टंकी भी रहेगी। अगर इसके परिणाम अच्छे आए तो टीम की संख्या बढ़ाकर 12 कर दी जाएगी।

**किस अंचल में कहां-कहां शौचालय:** **पाटलिपुत्र अंचल-** पुलिस लाइन स्लम (चीना कोठी), दीघा कबड्डी ग्राउंड, न्यू पुलिस लाइन, बोरिंग कनाल रोड, पंचमुखी मंदिर के पास, बिहार स्टेट एजुकेशन बोर्ड ऑफिस के पास, रेड क्रॉस सोसाइटी के पास, राजापुर पुल के पास, दीघा पाटीपुल, छज्जूबाग स्लम, दीघा, गेट नंबर 31।

**अजीमाबाद अंचल-** गायघाट बिजली ऑफिस के पास, गायघाट पुल के नीचे, अशोक राजपथ, गुलजारबाग रेलवे स्टेशन के सामने, सुदर्शन पथ, मीना बाजार, निगम ऑफिस के पीछे, एनएमसीएच (नेत्र विभाग के पास) डीलक्स टॉयलेट, एनएमसीएच (कैंटीन के पास) डीलक्स टॉयलेट, सिविल कोर्ट।

**कंकड़बाग अंचल-** चिरैयाटांड़ पुल के नीचे, बस स्टैंड, गेट नंबर-1, बस स्टैंड, गेट 2, बस स्टैंड, गेट नंबर-3, मलाही पकड़ी शिव मंदिर, लोहिया नगर विकलांग भवन के सामने डीलक्स शौचालय, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, सब्जी मंडी, राजेंद्र पुल के पास।

**पटना सिटी अंचल-** चौक शिकारपुर सब्जी मंडी, मरूफगंज बड़ी देवी स्थान, मालसलामी पुलिस स्टेशन, पिंड मदरिया नहर पर, मंगल अखाड़ा काली स्थान।

**नूतन राजधानी अंचल-** कारगिल चौक, गांधी मैदान, सुभाष पार्क, कमला नेहरू नगर, कौशल नगर, पोलो रोड, गर्दनीबाग स्टेडियम, नूतन राजधानी अंचल कार्यालय, बाकरगंज (सदर ब्लॉक के पीछे), चितकोहरा टमटम पड़ाव, चितकोहरा बाजार, हाईकोर्ट पूर्वी गेट, आर ब्लॉक चौराहा, अमरनाथ रोड, अदालतगंज, बोरिंग रोड चौराहा, चिरैयाटांड उपरी पुल (एग्जीबिशन रोड की तरफ), मीठापुर सब्जी मंडी।

**बांकीपुर अंचल-** पीएमसीएच डीलक्स टॉयलेट, सैदपुर नहर गोलंबर के पास, बहादुरपुर बाजार समिति के नजदीक, रामपुर संप हाउस के पास, दिनकर अतिथिशाला, लोहानीपुर, नाला रोड, पंजाब नेशनल बैंक के पास, अशोक राजपथ कॉन्वेंट रोड, साहित्य सम्मेलन भवन के नजदीक, पीरमुहानी सर्विस लेन दरियापुर, पटना कॉलेज के पास, मैकडॉवेल चौक के पास, बांकीपुर पोस्ट ऑफिस, खजूरबन्ना ऑयल डिपो, बकरी मंडी, राजेंद्र नगर रोड 10, राजेंद्र नगर पुल के नीचे, सैदपुर नहर, नंदनगर गांव, भंवर पोखर के पास, बारी पथ।

## 6 साल के बाद आई 40 सीटों के लिए वैकेंसी

एजेंसी, पटना।

**सड़क पर उतरे जूनियर इंजीनियर, विद्युत भवन के गेट पर प्रदर्शन**

सीट बढ़ाने की मांग को लेकर विद्युत भवन पटना के मुख्य गेट पर राज्य के जूनियर इंजीनियर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही जूनियर इंजीनियर (जेईई) के लिए वैकेंसी आई है। 6 साल के बाद सिर्फ 40 सीटों के लिए आई वैकेंसी से जूनियर इंजीनियर( इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा) धारी परेशान हैं। 2018 के बाद यह वैकेंसी आई है। जूनियर इंजीनियर अभ्यर्थियों की मांग है कि सीटों की संख्या 40 से बढ़ाकर 600 या उससे अधिक किया जाए। क्योंकि राज्य में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारियों की संख्या लाखों में है। हर वर्ष 10 हजार से अधिक अभ्यर्थी पास आउट होते हैं। विद्युत भवन पटना के मुख्य गेट पर जूनियर इंजीनियर अभ्यर्थियों का विरोध प्रदर्शन जारी है। अभ्यर्थियों को रोकने के लिए विद्युत भवन के गेट पर कोतवाली थाने की पुलिस भी पहुंच चुकी है। गेट से जूनियर इंजीनियर अभ्यर्थियों को हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

**क्या बोले प्रदर्शनकारी:** गेट पर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थी अमित कुमार और सामदेव कुमार यादव ने बताया कि 600 से अधिक सीटें खाली है। 6 साल से बहाली का इंतजार कर रहे हैं और सिर्फ 40 सीटों पर ही वैकेंसी आई है। जबकि, हर साल करीब 10 हजार स्टूडेंट इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग डिप्लोमा के पास आउट होते हैं, 40 से अधिक बिहार में कॉलेज हैं।

## पटना जू में तैयार हो रहा बेबी केयर यूनिट

एजेंसी, पटना।

चिड़ियाघर में महिलाओं के साथ छोटे बच्चे भी आते हैं। ऐसे में अब पटना जू में आने वाली महिलाओं और उनके छोटे बच्चों को सहूलियत देने के लिए बेबी केयर यूनिट तैयार किया जा रहा है। यह बेबी केयर यूनिट गेट नंबर 1 के पास बन रहा है। इसके निर्माण का 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है। इसे 12 लाख रुपए की लागत से तैयार किया जा रहा है। पटना जू के रेंज ऑफिसर अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि बेबी केयर यूनिट में अभी इंटीरियर का काम चल रहा है। बच्चों की थीम पर लुभावने इंटीरियर से रूम को डिजाइन किया जाएगा। यह बेबी केयर यूनिट एक रूम होगा, जिसमें एक अटैच बाथरूम भी होगा। 16/18 का रूम का एरिया है। जू प्रशासन ने 15 दिन में बाकी काम को पूरा करने के लिए लक्ष्य रखा है। इस महीने के अंतिम सप्ताह में यूनिट का उद्घाटन किया जाएगा। बेबी केयर यूनिट में डायपर चेंजिंग रूम के अलावा महिलाओं के लिए सैनिटरी वेंडिंग मशीन भी लगाई जाएगी। पटना जू कई दिनों से इस यूनिट को खोलने की पहल कर रहा था। दरअसल, बच्चों को डायपर पहनाने, उनके कपड़े बदलवाने या कोई जरूरी काम करवाने के लिए महिलाओं को प्राइवेसी नहीं मिल पाती थी।

## फतुहा नगर परिषद के वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश, वेंडिंग जोन और शव दाह गृह का होगा निर्माण

एजेंसी, पटना।



**पिछले साल 114 करोड रुपए की हुई थी आय**

पटना के फतुहा नगर परिषद का वर्ष 2024 25 की आम बजट सोमवार को नगर परिषद के सभागार हॉल में पेश की गई। बजट को नगर सभापति रूपा कुमारी ने पेश किया। इस मौके पर नगर परिषद के उपाध्यक्ष सहित सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे। बताते चले की फतुहा नगर परिषद में कुल 27 वार्ड हैं। बताया जा रहा है कि वित्तीय वर्ष में 114 करोड रुपए की आय हुई थी, जिसमें 112 करोड रुपए का खर्च दर्शाया गया है। इसके अनुसार दो करोड रुपए की लाभ का बजट इस वर्ष पेश किया गया। बजट की बैठक में नगर परिषद क्षेत्र में कई नई योजनाओं को भी लाया गया है। नगर परिषद क्षेत्र में इस वर्ष क्रीमिटोरियम ( शव दाह गृह) बनाने की योजना है। इसके लिए अंचल कार्यालय से जमीन उपलब्ध कराने के लिए आवेदन दी गई है।

**अंचलाधिकारी को दिया गया आवेदन:** इस मामले को लेकर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विनय कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में नगर विकास विभाग की तरफ से सम्राट अशोक भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा फुटकर दुकानदारों के लिए वेंडिंग जोन बनाने की योजना है। प्रथम फेज के वेंडिंग जोन में 100 फुटकरो को दुकान उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान जगह पर शव दाह गृह का जो कार्य चल रहा है, वह निजी जमीन पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि इसके लिए नगर परिषद की तरफ से दाह संस्कार के लिए शव दाह गृह बनाने की योजना है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में इसके लिए जमीन उपलब्ध नहीं है और जमीन की उपलब्धता के लिए अंचलाधिकारी को आवेदन दिया गया है। जमीन उपलब्ध होते ही नगर परिषद क्षेत्र में जल्द ही इसका निर्माण कराया जाएगा।

# शहीद भरत प्रसाद क्रिकेट टूर्नामेंट ट्रॉफी पर आदापुर का कब्जा

ठाकुर रमेश शर्मा की रिपोर्ट




स्थानीय एस.एस.बी. कैम्प बेलदरवा मठ (71 वीं वाहिनी स.सी.ब. मोतिहारी) के द्वारा वाहिनी कमांडेंट श्री प्रफ़ुल्ल कुमार के निर्देशन और श्री धीरेंद्र कुमार एस.डी.पी.ओ रक्सौल की अध्यक्षता में आदापुर खेल मैदान में शहीद भरत प्रसाद क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच का शुभारंभ किया गया 1 सर्वप्रथम श्री दिनेश कु.ममोत्रा उप कमान्डेंट, श्री धीरेंद्र कुमार एस.डी.पी.ओ रक्सौल और श्री बी.आर. कटवाल डी.एस.पी. ऐ.पी.एफ. नेपाल के द्वारा शहीद भरत प्रसाद के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर टूर्नामेंट के फाइनल मैच का शुभारंभ किया गया 1 कार्यक्रम की शुरुआत में श्री ममोत्रा ने शहीद भरत प्रसाद के वीर गाथा के बारे बताया साथ ही यह भी बताया कि खेल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में खेलों के प्रति जागरूकता लाना हैं ताकि खेल और व्यायाम के माध्यम से लोग अपने को फिट और तंदुरुस्त रख सकें 1 एस.डी.पी.ओ रक्सौल ने सर्वप्रथम शहीद को नमन करते हुए कहा कि एस.एस.बी. के द्वारा कराये जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के माध्यम से हम एक दूसरे से जुड़ रहे है और आपसी भाईचारा मजबूत हो रही है 1 वहीं श्री बी. आर. कटवाल डी.एस.पी. 12 बटालियन बारा (नेपाल) ने भी एस.एस.बी. के द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट की सराहना किया और नवयुवकों को खेल से जुड़ने के लिए कहा 1 इस क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच आओ मैदान में क्रिकेट क्लब आदापुर और एस.एस. बी. टीम 71 वाहिनी मोतिहारी के बीच खेला गया 1 इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आदापुर की टीम 12 ओवर में 100 रन का विशाल स्कोर बनाया 1 इस स्कोर का पीछा करते हुए संघर्षपूर्ण मुकाबले में एस.एस.बी. मोतिहारी की टीम 12 ओवर में मात्र 87 रन ही बना पाई और इस तरह आदापुर की टीम विजयी घोषित हुई और विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया 1 कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथि श्री धीरेंद्र कुमार एस.डी.पी.ओ रक्सौल के द्वारा विजेता और उप-विजेता टीम को ट्रॉफी, मेडल, ड्रेस और अन्य खेल सामग्री प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया 1 वही श्री बी. आर. कटवाल डी.एस.पी. 12 बटालियन बारा (नेपाल) के द्वारा एस.एस.बी. टीम के अमित कुमार को मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया 1 कार्यक्रम के दौरान वाहिनी के उप-कमांडेंट श्री दिनेश कु. ममोत्रा, श्री धीरेंद्र कुमार एस.डी.पी.ओ रक्सौल, श्री बी. आर. कटवाल डी.एस.पी. ऐ.पी. एफ. नेपाल, श्री नवनीत प्रभाकर सहा. कमान्डेंट, श्री महताब आलम सरपंच सिरिसिया कला, श्री अकबर दीवान मुखिया औरैया के साथ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ मीडिया कर्मी और बड़ी मात्रा में खिलाड़ी व दर्शकगण मौजूद थे 1

# राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन

## उत्कृष्ट सुरक्षा कार्यों के लिये पुरस्कृत किये गये चीनी मिल कर्मी

चाणक्य भूमि(कनकलता)बेतिया



**बेतिया**।शुगर इंडस्ट्रीज के सभागार में सोमबार के दिन सुरक्षा सप्ताह के तहत किये गये उत्कृष्ट कार्यो के लिये प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।प्रथम द्वितीय तथा तृतीय अंक प्राप्त करनेवाले प्रतिभागियों को को मेडल और मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर डिप्टी जीएम कमर्शियल यू एन राय ने कहा कि जीवन मे अनुशासन,पक्का इरादा तथा सरंक्षा का पालन करते हुए हम सबो को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिये। उन्होंने कार्यस्थल की सफायी और सुरक्षा पर ध्यान देने की बात कही।समारोह की अध्यक्षता जीएम इंजीनियरिंग संतोष कुमार ने की।उन्होंने सुरक्षा सप्ताह 04 मार्च से लेकर 10 मार्च तक की सुरक्षा उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी और प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।समारोह को जीएम प्रोडक्शन सर्वेश कुमार दुबे,एजीएम विजय आंनद , वरीय प्रवन्धक मानव संसाधन रमाकांत मिश्रा,चीफ केन मैनेजर अखिलेश सिंह ,आर सी त्रिपाठी ,के के ठाकुर तथा सेफ्टी ऑफिसर गोविंद चौधरी आदि ने संबोधित किया।इस अवसर पर प्रतिभागी नन्हे मुन्ने बच्चो को स्पून रेस और ड्राइंग के क्षेत्र में शामिल स्टाफ वर्कर को पुरस्कृत किया गया।तालियों की गड़गड़ाहट से उपस्थित जनों प्रतिभागियो का उत्साहवर्धन किया।

# बेखौफ अपराधियों ने एक कपड़ा व्यवसायी को गोली मारी

संबाद सूत्र ।



बेखौफ अपराधियों ने सीवान के नगर थाना क्षेत्र के कंधवारा में अपराधियों ने एक कपड़ा व्यवसायी को गोली मार दिया है। घायल व्यापारी की पहचान नगर थाना क्षेत्र के शेख मुहल्ला निवासी कलाम अंसारी के पुत्र तौकीर अंसारी के रूप मे हुई है। घटना के बारे मे पता चला की दोपहर 2.30 के आसपास जब वह अपने बच्चों को लाने स्कूल जा रहा था तभी यह घटना घटीं जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सीवान सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस पूरे मामले के जांच में जुट गई है।जानकारी के अनुसार अपराधियों ने उनसे फोन कर 20 लाख रुपए की रंगदारी की मांगी थी। वहीं रंगदारी नहीं देने पर गोली मार देने की धमकी दी जा रही थी। पुलिस पीड़ित के परिजन के फर्द बयान के आधार पर जाँच मे जुट गई है। फिलहाल अपराधी पुलिस की पकड़ से बाहर है और पुलिस आरोपियों को पकड़ने में जुटी हुई है।

# छतौनी थाना के 3 पीएसआई को एस पी ने किया निलंबित

**एसपी कांतेश मिश्रा को शिकायत मिली थी कि छतौनी थाना के 3 पीएसआई पैसा लेकर किसी अपराधी को छोड़ दिया है। शिकायत की जाँच के बाद एसपी कांतेश मिश्रा ने तीनों को निलंबित कर दिया है**

संवाद सूत्र।



**मोतिहारी** के छतौनी थाना के तीन PSI को कांतेश मिश्रा ने निलंबित कर दिया है उनके इस कारवाई के बाद पुलिस विभाग में खलबली मची हुई है।आपको बता दे कि मोतिहारी के एसपी कांतेश मिश्रा को शिकायत मिली थी कि छतौनी थाना के 3 पीएसआई पैसा लेकर किसी अपराधी को छोड़ दिया है। शिकायत मिलने के बाद एसपी ने सिकरहना एसडीपीओ अशोक कुमार के नेतृत्व में टीम बना कर जांच का निर्देश दिया। एसडीपीओ ने जांच में आरोपों को सत्य पाया । इसके बाद एसडीपीओ ने जांच रिपोर्ट एसपी को सौपी जिसके आधार पर तीनों को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित पीएसआई की पहचान शिवजी पासवान, कृष्ण मोहन और जाहिद अख्तर के रूप मे हुई है। इनके द्वारा किसी अपराधी को पकड़ कर लाया और पैसा लेकर छोड़ दिया। शिकायत मिलने के बाद एसपी ने सिकरहना एसडीपीओ अशोक कुमार को इसका जांच का जिम्मा सौंपा। जाँच के बाद ही पता चलेगा कि इन लोगों ने किस अपराधी को छोड़ा है, जाँच प्रभावित ना हो इसीलिये तीनों को निलंबित किया गया है।

# बेतिया जनसुराज के नये कार्यालय का हुआ उद्घाटन




चाणक्य भूमि बेतिया।

सोमवार को जनसुराज पश्चिम चंपारण जिला के नए कार्यालय का उद्घाटन किया गया। जिला प्रभारी श्री अजय द्विवेदी जी एवम जिला अध्यक्ष बिकाई महितो ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया 1 इस समारोह में जिला के सभापति, महासचिव,संयोजक,महिला अध्यक्ष,बेतिया,नरकटियागंज,एवम बगहा महिला अनुमंडल अध्यक्ष,युवा अनुमंडल अध्यक्ष सभी जिला सचिव,एवम प्रखंड संगठन पधाधिकारी,नगर अध्यक्षों एवम जिला बहुत सारे वरिष्ठ जनसुराज के नेता शामिल हुए 1 आज के आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला कार्यालय प्रभारी श्री अरविंद मिश्र,के साथ आईपेक के कर्मठ साथियों ने अहम योगदान दिए 1आज कार्यालय उद्धघाटन के मौका पर जिला के वरीय नेताओ ने संबोधन करते हुए आगामी विधान सभा में जनसुराज के सभी कार्यकर्ता पूर्णरूप से कमर कस कर तैयार है 1 उपरोक्त जानकारी प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से ई.चंद्रा ने बताए की आगामी विधान सभा चुनाव में जनसुराज को एक मजबूत विकल्प के रूप में जनता अपना रही है 1 बिहार के युवाओं को बिहार से बाहर पलायन को रोकने के जनसुराज की पहली प्राथमिकता रहेगी 1

# मुखिया के देवर का निधन

• शोक सभा मे उमड़ी भीड़

चाण्क्य भूमि(पूर्वी चंपारण)



फ़ाइल फ़ोटो रत्नेश पांडेय

**पहाड़पुर**।पूर्वी सरेया पंचायत के वार्ड नं6 स्थित मुखिया गुड्डी देवी के देवर समाजसेवी रत्नेश कुमार पांडेय (37) वर्ष की सोमबार की रात्रि 08 बजे निधन हो गया।जंगल की आग की तरह यह खबर फैल गयी ।उन्होंने अपने पीछे दो पुत्रियों क्रमशः पलक और छोटी को छोड़ा है।वे एक लंबे अरसे से कैंसर से पीड़ित थे।उनके निधन पर पूर्वी सरेया पंचायत में शोक की लहर है।मुखिया प्रतिनिधि चंद्रभूषण पांडेय उर्फ छोटू पांडेय की अध्यक्षता में दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया।मुखिया प्रतिनिधि श्री पांडेय ने बताया कि मंगलवार की सुबह उनका अंत्येष्टि पैतृक निवास स्थित घाट पर किया जायेगा ।शोक व्यक्त करनेवालो में चंद्र शेखर पांडेय,अमलेश पांडेय,पैक्स अध्यक्ष केदार राय,पूर्व पंचायत समिति सदस्य भूपेंद्र मिश्रा,रविकांत प्रसाद,सुमित श्रीवास्तव,सत्येन्द्र श्रीवास्तव,मंटू राय,अमेरिका राय,वार्ड सदस्य हरिश्चंद्र पटेल,मोहन तिवारी,मनोज कुमार श्रीवास्तव,अरुण साह,ललन साहपूर्वी सरेया पंचायत के उपमुखिया उमेश यादव,ललन साह,मो.गफूर,मो.हाजी शिव पूजन राय , मधुरेन्द्र प्रसाद योगेंद्र राय,बिपिन राय ,मदन ठाकुर,जयप्रकाश दुबे आदि के नाम उल्लेखनीय है।

# चांद का हुआ दीदार, रमजान का महीना शुरू होते हीं मुस्लिम समुदाय में हर्ष



चाण्क्य भूमि(बेतिया)

चांद का दीदार होते ही मुस्लिम समाज के लोगों में खुशियां छा गई। इसी के साथ रमजान पर्व का शुभारंभ हो गया। पर्व को देखते मस्जिदों में सजावट का कार्य शुरू हो गया। मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा की गई। लोगों ने बाजार से आवश्यक सामान की खरीदारी शुरू कर दी । जिससे बाजारों में चहल पहल बढ़ गई है।रमजान पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। लोग चांद के दीदार का वेसब्री से इंतजार कर रहे थे। वैसे तो लोगों ने सुबह से ही अपनी तैयारियां शुरू कर दी। मस्जिदों में सफाई के साथ ही सजावट आदि का कार्य शुरू हो गया, लेकिन सोमवार को चांद का दीदार होते ही रमजान पर्व की तैयारियां तेज हो गई, लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी। वहीं रात्रि इशा की नमाज अदा करने के उपरांत लोगों ने तरावीह की विशेष नमाज में कुरआन पाक सुना। इससे पूर्व लोगों ने पहले रोजे की सहरी के लिए खजला, फैनी और पाप्पे खरीदे। पूरे महीने लोग रात-रातभर जागकर अल्लाह की रजा (खुशी) हासिल करने के लिए मस्जिदों और घरों में इबादत करेंगे। अल्लाह के हुक्म के मुताबिक, इस माह में लोग ज्यादा से ज्यादा गरीब व बेसहारा लोगों की मदद भी करते हैं। रमजान में खुदाए पाक को याद कर रोजारखकर मुस्लिम समुदाय के लोग मुश्किल साधना करते है। रोजा संयम और सब्र सिखाता है। सुबह सूरज निकलने के कुछ वक्त पहले सहरी की जाती है और उसके बाद सूरज के अस्त तक कुछ भी खाया पिया नहीं जाता। मगरिब की अजान होते ही रोजा इफ्तार किया जाता है। रमजान के महिने को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है।

# ट्रेक्टर से दबने के कारण 5साल बच्चे की हुई मौत

चाण्क्य भूमि(बेतिया)

थाना क्षेत्र के धनहर दिहुली गांव में सोमवार की दोपहर ट्रेक्टर के पलट जाने से एक 5 वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी ।मृत बच्चा सिदार्थ सिंह उसी गांव के चन्द्रबली सिंह का पोता तथा शालू कुमार सिंह का पुत्र बताया जाता है।इस बाबत ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृत बच्चा सिदार्थ अपने दादा के साथ ट्रेक्टर पर खेत मे जा रहा था ,तभी ट्रेक्टर चला रहे चन्द्रबली सिंह का संतुलन खो गया और ट्रेक्टर पलट गया जिस दौरान बच्चा ट्रेक्टर के नीचे दब गया ।और दम तोड़ दिया।

# फर्जीवाड़ा में युवक को जेल

चाण्क्य भूमि(बेतिया)

**बेतिया**।पुलिस ने गलत तरीके से बाप के बेचे गये भूमि को माधोपुर में बिक्री करने पर सीजीएम की अदालत में दर्ज केस न.103/2023 के आलोक में पुलिस ने शशिभूषण सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा।जानकारी एसएचओ अखिलेश कुमार मिश्र ने दी।उन्होंने बताया कि अदालती आदेश के तहत जेल भेजा गया।































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714